गतिविधि-विवरण
हिंदी-विभाग
सत्र : **2024-2025**

दिनांक 14 सितंबर, 2024 महाविद्यालय के हिन्दी-विभाग में हिंदी-दिवस के अवसर पर एक भाषण प्रतियोगिता संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के विभिन्न छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में अलजहीन बी.एस.सी. तृतीय वर्ष की छात्रा प्रथम स्थान पर, प्रियंका बी.एम.सी. द्वितीय वर्ष की छात्रा द्वितीय स्थान पर तथा लवेश बी.एस.सी. द्वितीय वर्ष का छात्र तृतीय स्थान पर रहे।इस प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ० नूतन गर्ग, डॉ० नवीन कुमार और संस्कृत विभाग के प्राध्यापक डॉ० संजीव कुमार ने निभाई। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ० रेखा त्यागी ने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों और विजेताओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ० नवीन कुमार ने सभी विद्यार्थियों को हिन्दी-दिवस की शुभकामनाएं दी। डॉ० सुनील दत्त प्राध्यापक हिन्दी ने भी विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन किया।इस अवसर पर सुश्री रेखा तथा डॉ० विनीता ने भी विद्यार्थियों को हिन्दी-दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की।

दिनांक 25 अक्तूबर, 2024 को महाविद्यालय के हिन्दी-विभाग द्वारा एक काव्य पाठ प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के विभिन्न छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में आंचल, स्नातकोत्तर अंग्रेजी की छात्रा प्रथम स्थान पर, संजना बी.एस.सी. की छात्रा द्वितीय स्थान पर तथा अंकित, बी.एस.सी. जीव विज्ञान का छात्र तृतीय स्थान पर रहे। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ० रेखा त्यागी ने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों और विजेताओं का सम्मान किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। निर्णायक मंडल में डॉ० ममता, श्रीमती शालू और डॉ० रेखा तंवर रहे। इस अवसर पर हिन्दी विभागाअध्यक्ष डॉ० नवीन कुमार ने सभी प्रतिभागी और विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी। डॉ० सुनील दत्त प्राध्यापक हिन्दी ने भी विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन किया।इस अवसर पर सुश्री रेखा तथा डॉ० विनीता ने भी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित की।

दिनांक 17 फरवरी 2025 को महाविद्यालय के हिन्दी-विभाग द्वारा एक निबन्ध लेखन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में महाविद्यालय के विभिन्न संकायों से सम्बंधित विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में प्रतिभागी सभी विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ० रेखा त्यागी ने सभी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उनका हौंसला बढ़ाया। इस अवसर पर हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ० नवीन कुमार ने विद्यार्थियों को निबन्ध लेखन का महत्व तथा राजनीतिक, ललित, मनोवैज्ञानिक, व्यंग्य, वैचारिक और समसामयिक निबन्धों की लेखन शैली के बारे में विस्तार से बताया। इस कार्यक्रम में डॉ० सुनील दत्त, सुश्री रेखा रानी और डॉ० वनिता चोपड़ा विशेष रूप से उपस्थित रहे।